संख्या– 25 / समर्थ /2023

प्रेषक,

प्रशान्त आर्य,
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

**कुलसचिव**
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल/सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा

**समस्त प्राचार्य**
सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय
(राजकीय, अनुदानित एवं निजी)
उत्तराखण्ड।

उच्च शिक्षा (समर्थ) देहरादून, दिनांक 09 अगस्त, 2023

**विषय– शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि निर्धारण एवं समर्थ ई–गवर्नेंस पोर्टल के माध्यम से ऑफलाईन के साथ–साथ ऑनलाईन पंजीकरण की सुविधा प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक संख्या 750/ XXIV-C-1 /2023-12 (12) 2022 दिनांक 24 जुलाई 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से समर्थ पोर्टल पर पूर्व में ऑनलाईन प्रवेश पंजीकरण न करवा पाने वाले विद्यार्थियों के लिए ऑफलाईन के साथ–साथ ऑनलाईन पंजीकरण की सुविधा पुनः एक सप्ताह (31 जुलाई 2023 तक) हेतु प्रारम्भ की गई थी।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है चूंकि शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न करने की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2023 तक पूर्व निर्धारित है। अतः संस्थान व छात्रहित मे उपरोक्त शासनादेश को संशोधित करते हुए ऑफलाईन के साथ–साथ ऑनलाईन पंजीकरण की सुविधा पुनः दिनांक 10 अगस्त से 12 अगस्त 2023 तक प्रारम्भ की जा रही है। साथ ही। अतः यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि स्नात्तक स्तर के समस्त प्रवेश उक्त तिथि तक सम्पन्न करा लिये जाए।

3– शासन के उपरोक्त शासनादेश को इस सीमा तक संशोधन समझा जाए। शेष शर्ते यथावत रहेगी।

भवदीय

(प्रशान्त आर्य)
अपर सचिव

संख्याः 25 (1–6) / समर्थ /2023 देहरादून, तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव– सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।

2. निदेशक (उच्च शिक्षा) उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से भी अशासकीय महाविद्यालयों को सूचित करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव– मा0 कुलपति, सम्बन्धित राज्य विश्वविद्यालय।
4. नोडल अधिकारी, डिजिटल इनिशिएटिव, उच्च शिक्षा विभाग, देहरादून।
5. श्री नितिन जोशी, समर्थ टीम, नई दिल्ली।
6. गार्ड फाईल।

(प्रशान्त आर्य)
अपर सचिव

O/C